अनुक्रमांक ......................................  समय : 2.00 घण्टा

नाम ..............................................  पूर्णांक : 50

# प्रश्न-पुस्तिका
# प्रथम सेमेस्टर – 2025
## (सामाजिक अध्ययन)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** शक संवत (78 ई. से प्रारम्भ) की स्थापना निम्न में से किस शासक द्वारा की गई— **(1)**

(A) चन्द्रगुप्त मौर्य (B) चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य
(C) कनिष्क (D) कौटिल्य

**2.** गायत्री मंत्र किस वेद से लिया गया है— **(1)**

(A) अथर्ववेद (B) ऋग्वेद
(C) सामवेद (D) यजुर्वेद

**3.** द्वितीय बौद्ध संगीति का आयोजन किस शासक के काल में हुआ था— **(1)**

(A) अशोक (B) अजातशत्रु
(C) कनिष्क (D) कालाशोक

**4.** कौन-सा ग्रह पानी पर तैर सकता है— **(1)**

(A) शुक्र (B) पृथ्वी
(C) बुध (D) शनि

**5.** पंचायती राज व्यवस्था कितने स्तर पर कार्य करती है— **(1)**

(A) चार स्तर पर (B) तीन स्तर पर
(C) दो स्तर पर (D) एक स्तर पर

**6.** "अर्थशास्त्र धन का विज्ञान है" यह कथन किस अर्थशास्त्री का है— **(1)**

(A) कीन्स (B) मार्शल
(C) एडम स्मिथ (D) रॉबिन्स

**7.** धोलावीरा-पुरास्थल भारत के किस राज्य में स्थित है? **(1)**

(A) राजस्थान (B) पंजाब
(C) हरियाणा (D) गुजरात

**8.** नासा का मुख्यालय स्थित है— **(1)**

(A) वाशिंगटन डी.सी. (B) बंगलौर
(C) ब्रिसबेन (D) पेरिस

**9.** सिकन्दर ने भारत पर आक्रमण किया था— **(1)**

(A) 321 ई.पू. में (B) 321 ई. में
(C) 326 ई.पू. में (D) 326 ई. में

**10.** ग्रेट बैरियर रीफ किस महाद्वीप में स्थित है— **(1)**

(A) एशिया (B) यूरोप
(C) अफ्रीका (D) ऑस्ट्रेलिया

**11.** भारत की सबसे लम्बी तट रेखा वाला राज्य है— **(1)**

(A) केरल (B) गोवा

(C) गुजरात (D) तमिलनाडु

**12.** ग्राम पंचायत के सदस्य चुने जाते हैं— **(1)**

(A) दो वर्ष हेतु (B) पाँच वर्ष हेतु

(C) छः वर्ष हेतु (D) सात वर्ष हेतु

**13.** ग्लोब प्रतिरूप होता है— **(1)**

(A) पृथ्वी (B) मंगल

(C) बुध (D) शुक्र

**14.** पृथ्वी का ब्लैकहोल कहा जाने वाला 'बरमूडा त्रिभुज' किस महासागर में स्थित है— **(1)**

(A) प्रशान्त (B) अटलांटिक

(C) हिन्द (D) आर्कटिक

**15.** प्रतियोगी परीक्षाएँ सर्वप्रथम किस देश में प्रारम्भ हुईं— **(1)**

(A) भारत में (B) जापान में

(C) ब्राजील में (D) चीन में

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**16.** क्षुद्र ग्रह किन-किन ग्रहों की कक्षाओं के मध्य अवस्थित हैं? **(1)**

**17.** विश्व का सबसे बड़ा नदी द्वीप 'माजुली' किस नदी और किस राज्य में स्थित है? **(1)**

**18.** इसरो (ISRO) का पूर्ण रूप क्या है? **(1)**

**19.** नगर निगम के अध्यक्ष का पदनाम क्या है? **(1)**

**20.** पाणिनी के किस ग्रन्थ से 16 महाजनपदों के विषय में ज्ञान प्राप्त होता है? **(1)**

**21.** जैन धर्म में त्रिरत्न क्या हैं? **(1)**

**22.** यातायात के दो नियम बताइए। **(1)**

**23.** अक्षांश किसे कहते हैं? **(1)**

**24.** अंग महाजनपद की राजधानी क्या थी? **(1)**

**25.** महाभारत के लेखक कौन थे? **(1)**

**26.** सोलह महाजनपदों में से किसी चार के नाम लिखिए। **(1)**

**27.** वेदांग की संख्या कितनी है? **(1)**

**28.** पाषाण काल को कितने भागों में बाँटा गया? नाम लिखिए। **(1)**

**29.** तारा किसे कहते हैं? **(1)**

**30.** हड़प्पा सभ्यता में किस देवता की पूजा की जाती थी? **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**31.** पृथ्वी की घूर्णन गति से आप क्या समझते हैं? **(2)**

**32.** इतिहास जानने के पुरातात्विक साधनों का वर्णन कीजिए। **(2)**

**33.** सिंधु घाटी सभ्यता के सन्दर्भ में संक्षेप में बताइए। **(2)**

**34.** अष्टांगिक मार्ग क्या हैं? **(2)**

**35.** मानचित्र से क्या लाभ हैं? **(2)**

**36.** वन्यजीव अभयारण्य एवं राष्ट्रीय पार्क में अन्तर स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**37.** राष्ट्रीय आय के आकलन की प्रमुख विधियों पर प्रकाश डालिए। **(2)**

**38.** जिलाधिकारी के प्रमुख कार्यों पर प्रकाश डालिए। **(2)**

**39.** नदियों के किनारे सभ्यताओं के विकसित होने के कारणों पर प्रकाश डालिए। **(2)**

**40.** आश्रम व्यवस्था से आप क्या समझते हैं? **(2)**

---

**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-1/samajik-adhyayan/2025

2. सामाजिक अध्ययन का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-1/samajik-adhyayan/

3. सामाजिक अध्ययन के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-1/samajik-adhyayan/

---

**हमसे जुड़ें**
Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN